भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net, E_mail:bsgmadhypradesh@gmail.com Phone : 2661263, Fax: 2737446

पत्र क्र0 / 9927 / रामु / गतिविधि / समीक्षा बैठक / 2014 भोपाल, दिनांक 11/7 / 2014

प्रति,

1 समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय कार्यालय ....(म0प्र0) ।

2 जिला संगठक (स्काउट / गाइड)
जिला संघ ....(म0प्र0) ।

विषय :– ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन ।

सन्दर्भ :– सत्र 2014–2015 के वार्षिक कार्यक्रमानुसार

–0–

राज्य स्तरीय ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 की समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 1–2 अगस्त 2014 तक, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल किया जा रहा है । अतः दिनांक 1 अगस्त 2014 को प्रातः 9 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति देवें ।

बैठक का एजेण्डा निम्नवत् है :–

1 गत बैठक का घटकवार का पालन प्रतिवेदन (संभागवार प्रस्तुती)

2 चयनित 20 दलों की चयन सूची का प्रस्तुतीकरण । विगत वर्ष से तुलना तथा इन दलों के बच्चों एवं स्काउटर–गाइडर का एडवांसमेन्ट पर चर्चा

3 दल गठन अभियान 2014 सभी जिलो के शास0 / अशास0 स्कूलों की संख्या साथ लावें । 10 दलों का गठन का प्रगति निर्धारित प्रपत्र पर

4 युवा व वयस्क एडवांसमेन्ट के कार्यक्रमों का प्रस्ताव, एवं कार्ययोजना पर प्रस्तुतीकरण माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर ।

5 **भण्डार (साजसज्जा) कक्ष की निम्नानुसार जानकारी–**

1 विक्रय राशि भेजने की जानकारी (लक्ष्यपूर्ति सहित) एवं जिला स्तर पर शॉप संचालन पर चर्चा

2 भण्डार सामग्री भौतिक सत्यापन की जानकारी ।

3 सामग्री की मॉग पत्र सूची एवं ड्राफ्ट ।

4 सत्र 2013–2014 के डायरी, कलेण्डर व स्टीकर विक्रय की स्थिति विवरण एवं राशि की जानकारी ।

5 मोबाईल शॉप के संबंध में कृतकार्यवाही एवं शिविरों में शॉप भेजने की जानकारी ।

6 **पत्रिका जानकारी –**

1 बालचर रवि पत्रिका के वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता में की जानकारी

2 पत्रिका के लिये विज्ञापन प्राप्त कर प्रकाशन की जानकारी ।

7 माह अप्रेल 2014 से जुलाई 2014 तक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों की सहभागिता पर चर्चा ।

8 **लेखा शाखा की जानकारी–**

1 मासिक आय–व्यय पत्रक विलम्ब से प्राप्त हो रहा है अतः ऐसी व्यवस्था करें कि आय–व्यय पत्रक, बैक खाता क्रमांक, माह अन्त का शेष, पासबुक, रोकड़ शेष, बैक समाधान पत्रक प्रतिमाह निर्धारित तिथि 5 तारीख तक राज्य मुख्यालय को प्राप्त हो ।

2 शिविर लेखा शिविर आचार संहिता अनुसार निर्देश देने के बाद भी कोई न कोई कमी रहती है अतः आय–व्यय पत्रक निर्धारित प्रपत्र में व्हाउचर पर प्रमाणीकरण एवं व्हाउचर की सूची के साथ शिविर लेखा भेजे ।

3 अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर किसी भी स्तर पर न तो ध्यान दिया जा रहा है और न ही कंडिका निराकरण की ओर ध्यान दिया जा रहा है । अतः प्रत्येक अंकेक्षण की कुल कंडिका एवं निराकृत कंडिका की प्रतिवेदन अनुसार जानकारी साथ लावे ।

9 मासिक कार्ययोजना एवं कार्य प्रतिवेदन पर चर्चा ।

10 संभाग व जिला स्तरीय कार्यक्रमों की समीक्षा (जिलेवार) का संभागवार प्रस्तुतिकरण ।

11 ग्रेडिंग पर चर्चा ।

12 17 वीं राष्ट्रीय स्काउट–गाइड जम्बरी

13 एडवांसमेन्ट एवं प्रमाण–पत्र पर चर्चा ।

14 दल पंजीयन लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा ।

15 निर्वाचन– जिला / विकास खण्ड संघ गठन पर चर्चा ।

ऐजेण्डा अनुसार समस्त जानकारी ई–मेल से दिनांक 25 जुलाई 2014 तक अनिवार्य रूप से राज्य मुख्यालय को भेजे ताकि समीक्षा की जा सके । ए0एस0ओ0सी0(स्काउट/गाइड) के साथ वैतनिक डी0ओ0सी0 (स्काउट/गाइड) भाग लेगें ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
भोपाल, दिनांक 11/7/2014

पृ0क्र0/9928/रामु/गतिविधि/समीक्षा बैठक/2014

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1 राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय भोपाल ।

2 संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।

3 जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड) जिला ....(म0प्र0) ।

4 समस्त शाखा प्रभारी राज्य मुख्यालय भोपाल ।

5 समस्त कक्ष राज्य मुख्यालय भोपाल ।

6 वार्डन, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश